चंबल के पानी को लेकर गांव ढिंढोरा में आज किसान महापंचायत

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने केन्द्र सरकार से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की पुरजोर ढंग से मांग करते हुए कहा है कि उत्तरी-पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान एकमात्र चंबल के पानी से ही किया जा सकता है। केन्द्र सरकार ने इस संबंध में गंभीरता नहीं दिखाई तो 13 जिलों में बेरोजगारी के साथ पेयजल और सिंचाई का भयंकर संकट खडा हो जाएगा। यह बात केन्द्र सरकार तक पहुंचाने के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना संघर्ष समिति की ओर से जनजागरूकता अभियान चलाया हुआ है। गांव-गांव में महापंचायत कर लोगों को ईस्टर्न कैनाल प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस संबंध में 5 जून को सुबह 11 बजे हिण्डौन के गांव ढिंढोरा में किसान महापंचायत आयोजित होंगी, जिसमें आसपास के किसान काफी संख्या में भाग लेंगे। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को उक्त जानकारी दी। इस मौके पर किसान संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोठ, प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पूरनमल जाटव, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, प्रदेश प्रवक्ता गिरीश अलीपुरा, विधि सलाहकार सुमन्त मीना, राकेश दांतकापुरा आदि प्रमुख पदाधिकारी एवं किसान नेता उपस्थित रहे। प्रदेशाध्यक्ष मीना ने बताया कि समिति की ओर से जनजागरण अभियान की शुरूआत महस्वा-नांगल पहाडी के कुठीला हनुमान मंदिर परिसर में किसान महापंचायत कर की गई। इससे पहले सैकडों महिला-पुरूषों ने मंडरायल स्थित चंबल नदी पहुंच विधि-विधान से पूजा अर्चना और महाआरती की गई थी। राजस्थान में पहली बार चंबल की पूजा और महाआरती के इस आयोजन में चंबल मैय्या को 13 जिलों की धरा को हरा-भरा करने के लिए मनाया गया था। श्रद्धापूर्वक हुए इस अनूठे कार्यक्रम से किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व किसानों में उत्साह का संचार हुआ है।

ग्राम ढिंढोरा में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत के सभा स्थल की तैयारियों का भरत सिंह डागुर आदि ने जायजा लिया ।

■ 'इस योजना पर 13 जिलों में बेरोजगारी के साथ पेयजल और सिंचाई का भयंकर संकट खडा हो जाएगा'

नहर परियोजना जागरूकता अभियान का पोस्टर जारी

करौली (निंस.)। प्रदेश कांग्रेस सेवा दल महासचिव और पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीमती आरती मीना और आईईएस भँवर सिह मीना की ओर से संचालित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना जागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन टोडाभीम के मूंडिया गांव मे एकत्रित 12 गांव मूंडिया क्षेत्र के पंच पटेल और गणमान्य लोगो द्वारा किया गया।

पोस्टर विमोचन के दौरान जगराम पटेल, हरिप्रसाद पटेल,रज्जू पटेल, अतर सूबेदार, रमेश दानी,अमर सिंह, गुमान राजा मुंडिया, अशोक, रामहरी सूबेदार, हरकेश फौजीगजराज सलेपुरा सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।पोस्टर का विमोचन करते हुए उपस्थिति लोगो ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को केंद्र सरकार द्वारा जल्दी से जल्दी राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की माँग रखी जिससे परियोजना समय से पुरी हो सके और परियोजना क्षेत्र के लोगो को चंबल का पानी समय से मिल सके। इसी कडी मे लोगो को जागरूक करने के लिए टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में चंबल का पानी लाने की मांग के पोस्टर चिपकाए जाएगे।

संदिग्ध परिस्थितियों में रोडवेज चालक की मौत

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। रोडवेज आगार में कार्यरत ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार सुबह रोडवेज के पास चालक का शव मिलने से रोडवेज कर्मियों मे हड़कंप मच गया। डिप्टी कंट्रोलर पुष्पेंद्र गुप्ता ने बताया कि गांवचिकोलिया थाना ततारपुर चौराहा मंडावर जिला अलवर निवासी उदय सिंह (55) पुत्र हरी सिंह रोडवेज विभाग में ड्राइवर के पद पर कार्यरत था। शनिवार को उदय सिंह का शव संदिग्ध परिस्थितियों में डिपो में मिलने से रोडवेज कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि उदय सिंह के संदिग्धावस्था में पाए जाने के बाद रोडवेज आगार के गार्ड लखनलाल, मैकेनिक दिलीप सिंह व कैलाश मीणा ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची।कोतवाली पुलिस थानाधिकारी वीर सिंह ने बताया कि मृतक के भाई सुरेंद्र की ओर से मामला दर्ज किया गया है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर मृतक का शव भाई सुरेंद्र, भाई बलवीर और दामाद आजाद को सुपुर्द कर दिया है।

सार-समाचार

13 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

बयाना । बयाना कोतवाली पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विषेश धरपकड अभियान के तहत पुलिस टीम ने 13 साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी हरिनारायण मीणा ने बताया कि गिरफतार आरोपी करौली जिले के थाना बालघाट के गांव मूडिया निवासी राजेष उर्फ राजीव पुत्र हंसराज गुर्जर है। जिसके विरूद्ध न्यायालय की ओर से चोरी के विभिन्न मामलों में 4 स्थाई वारंट जारी कर रखे थे। भरतपुर के जिला पुलिस अधीक्षक ष्यामसिंह के निर्देष पर वांछित अपराधीयों व स्थायी वारंटीयों की गिरफतारी के लिए विशेष धरपकड अभियान चलाया हुआ है। जो निरंतर जारी रहेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष पुलिस टीम भी गठित की गई।

फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

बयाना । कोतवाली पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष धरपकड अभियान के तहत आज 10 साल से दलित उत्पीडन के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। कोतवाली प्रभारी हरि नारायण मीणा ने बताया गिरफ्तार आरोपी कप्तान सिंह पुत्र देवीलाल गुर्जर निवासी ले चोरा खुर्द है। जिसके विरुद्ध कोर्ट से स्थाई वारंट जारी हुए थे । पुलिस को इसकी मारपीट वह दलित उत्पीडन के 10 साल पुराने एक मामले में काफी समय से तलाश थी ।

छप्पर में लगी आग

सपोटरा । उपखंड सपोटरा की ठााम पंचायत जोडली के गांव किशोरपुरा में 2 जून गुरुवार को दोपहर बाद अचानक से अज्ञात कारणों से एक छप्परपोश घर में आग लग गई जिसके कारण पीडित परिवार को करीब तीन लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ठााम पंचायत जोडली के गांव किशोरपुरा में श्यामलाल पुत्र मूलचंद प्रजापत के छप्परपोश घर में अज्ञात कारणों से 2 जून गुरुवार को दोपहर बाद अचानक से आग लग गई।

दस साल से फरार दो वांटेड अपराधी गिरफ्तार

भरतपुर (निसं) । भरतपुर में उत्तर प्रदेश की एक गैंग के दो ऐसे वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जो 10 साल से फरार चल रहे थे। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह की तरफ से 3-3 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिह ने बताया कि तिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भरतपुर चन्द्रप्रकाश शर्मा व सहायक पुलिस अधीक्षक वृत ग्रामीण भरतपुर बृजेश ज्योति उपाध्याय के सुपरविजन में बांछित अपराधियों की धरपकड के अभियान के तहत पुलिस थाना नदबई के फरार स्थायी वारंटी जीतू उर्फ जीतेन्द्र पुत्र भगवानसिंह व भगवानसिंह उर्फ डोरीलाल पुत्र मंगलसिंह जातियान जाट निवासीयान पायन्दापुर थाना गोंडा जिला अलीगढ यूपी को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार वांटेड दोनों अपराधियों की पहचान जीतेंद्र और उसका पिता भगवान सिंह निवासी पायन्दपुर जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है । आज पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों अपराधियों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है । जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश की गैंग के चार बदमाशों ने वर्ष 2012 में भरतपुर जिले के नदबई कस्बे में एक ज्वेलर के साथ गन पॉइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था । जिसके बाद गैंग के दो बदमाशों को पूर्ण नहीं गिरफ्तार कर लिया गया था मगर यह बदमाश 10 वर्ष से फरार चल रहे थे । पुलिस को जब सूचना मिली तो पुलिस टीम का गठन किया गया और उत्तर उत्तर प्रदेश में दबिश देकर आज दोनों को गिरफ्तार किया गया है । नरवर थाना के एएसआई रमेश चंद्र ने बताया कि 10 वर्ष से फरार 3-3 हजार रुपए के ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने लूट की वारदात को अंजाम दिया था ।

वाटर कूलर उद्घाटन

गंगापुर सिटी । मानव सेवा संस्थान द्वारा एसडीओ कोर्ट परिसर में वाटर चिलर (शीतल जल- मंदिर) का उद्घाटन सभापति शिवरतन अग्रवाल ने किया। मानव सेवा संस्थान के संरक्षक विजय गोयल ने बताया की सभापति शिवरतन? गुप्ता की प्रेरणा से एसडीएम कोर्ट परिसर में भामाशाह सतीश मधुबन के सहयोग से वाटर चिलर लगावाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने श्री राम दरबार की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का मंच संचालन संतोष बंसल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवरतन गुप्ता सभापति नगर परिषद ने? कहा कि मानव सेवा संस्थान अपने नाम के अनुरूप शहर में कार्य कर रहा है। संस्थान द्वारा लगवाया वाटर चिल्लर आने- जाने वाले हजारों लोगों को ठंडा पानी पिला कर राहगीरों की प्यास बुझाने का कार्य करेगा। इस मौके पर वाटर चिलर के भामाशाह सतीश मधुबन की भूरी- भूरी प्रशंसा की।

समता आंदोलन समिति ने मनाया स्थापना दिवस

करौली (निंस.) । समता आन्दोलन समिति का 15 वॉ स्थापना महोत्सव समारोह सादगी पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

समता आन्दोलन समिति जिला करौली द्वारा समिति के 15 वें स्थापना महोत्सव पर विनायक रिसोर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण,राष्ट्रीय सचिव आरएन गौड,जयपुर संभागीय अध्यक्ष ऋषिराज राठौड सहित जिला करौली से विप्र फाउण्डेशन के प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय,सवर्ण संघ के संभागीय अध्यक्ष देवीसिंह बदनपुरा,तहसील अध्यक्ष राजपूत सभा चौरजी सिंह,प्रजापति समाज के अध्यक्ष रामेश्वर ठेकेदार सहित सभी समाजों के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में आरएन गौड व राठौड ने वर्तमान परिस्थितियों में विभिन्न स्तरों पर चल रही समता आन्दोलन समिति की गतिविधियों व समता स्थापना के 14 वर्ष के उतार चढ़ाव को साझा करते हुये कहा की अब एक युवा की भांति समता 15 वे वर्ष में प्रवेश कर रही है। तो जिम्मेदारी भी बढी है और लोगों के समक्ष संवैधानिक व वैधानिक रूप से जातिगत आरक्षण संबंधी विषमताओं को रखा। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि जो सोवे वो खोवे जो जागे वो पावे। इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण ने समता आन्दोलन समिति के अब तक के प्रयासों से सबको परिचित करवाया और आग्रह किया की अधिकारों की संवैधानिक प्राप्ति हेतु सबको एकजुट होकर हिम्मत के साथ संघर्ष करना होगा। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर दिये जा रहे जातिगत आरक्षण को समझाते हुये आव्हान किया कि जो सक्षम वर्ग है। वह अब स्वंय पहल करे ताकि उनके ही समुदाय के पिछडे,वंचित आगे मुख्यधारा में जुडकर इसका समुचित लाभ ले सके।

आर्य विद्यापीठ सोसायटी के चुनाव पांच को

भरतपुर (निसं) । 5 जून को आर्य विद्यापीठ सोसायटी भुसावर के 21 सदस्यीय कमेटी के चुनाव का आयोजन होगा। जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया में चन्द्रशेखर लवानियॉ, भूदेव, श्यामलाल गुप्ता, श्यामसुन्दर शर्मा, प्रमोद बंसल, वेदप्रकाश, धर्मेन्द्र सोनी, सहयोग प्रदान करेंगे।

कार्यकारिणी के निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारी राजेश मित्तल के निर्देशन में मतदान सम्पन्न कराया जावेगा उक्त निर्वाचन में 29 प्रत्याशी अजयकुमार अग्रवाल, अनिल गोयल, अनिल कुमार गोयल, अंकित गुप्ता, अशोक मित्तल, बैजनाथ प्रसाद गोयल, चन्द्रप्रकाश अवस्थी, दीनदयाल सिंघल, गिर्राजशरण सिंघल, गोविन्द प्रसाद सिंघल, हरीश चन्द मित्तल, जगदीश प्रसाद गुप्ता, सत्यवृत अग्रवाल, सुभाष चन्द गुप्ता, सुभाष चन्द्र मित्तल, योगेन्द्र कुमार मित्तल आदि है ।

'प्रधानमंत्री ने हमारे देश का गौरव बढ़ाया है'

करौली (निंस.)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 8साल सेवा,सुशासन,गरीब कल्याण को लेकर आयोजित कार्यक्रमो की श्रृंखला मे प्रेस वर्ता का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम की जिला संयोजक पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एससी,एसटी वर्ग को सम्मान देते हुए देश का गौरव बढाया है। जिससे हम विश्व शक्ति के रूप मे उभरे है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफल 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होने गत 8 वर्षों में देश के हर क्षेत्र में हुई प्रगति की अनंत यात्रा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हम आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहे हैं। 75 वर्षों की आजादी में लगभग 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी और एक खानदान विशेष ने देश पर शासन किया। 90 के दशक में पहला बदलाव अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल के दौरान आया। अनकों दलों के साथ मिलकर गठबंधन की सफल सरकार चलाई।देश के राजनीतिक इतिहास में वर्ष 2014 में भी इसी तरीके का राजनीतिक क्रांतिकारी बदलाव आया। देश में कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार,अराजकता,कुशासन,परिवार वाद, वंशवाद और जातिवाद इन सबके खिलाफ देश की जनता ने प्रतिकार किया और देश में पहली बार भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनी। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं।कार्यक्रम की संयोजन राजकुमारी जाटव ने कहा कीमोदी सरकार एनडीए-2 के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण हो गये। और इन 8 वर्षों की राजनीतिक तौर पर,सामाजिक तौर पर और शासकीय तौर पर ऐतिहासिक उपलब्धियां हैं।

ट्रांसफार्मर से तांबे के तार, प्लेट एवं ऑयल चोरी

गंगापुर सिटी ।विदरख्या ग्राम पंचायत के रेती गांव में शुक्रवार रात को चोरों ने एक सिंगल फेज ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। चोर सिंगल फेज ट्रांसफार्मर से तांबे के तार, तांबे की प्लेट और ऑयल निकालकर ले गए। सुबह ग्रामीण घरों से बाहर निकले तो उनको ट्रांसफार्मर खंभे के नीचे पडा मिला और उसके पुर्जे भी इधर-उधर बिखरे पडे थे। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई। लोगों ने पुलिस से जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 1० बजे ग्रामीण चौपाल पर चर्चा करने के बाद अपने-अपने घरों में सोने के लिए चले गए। रात 11 से 2 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने मौका देखकर खंभे पर लगे सिंगल फेज ट्रांसफार्मर को नीचे उतारा और उसको खोलकर तांबे के तार और प्लेट के साथ ही ऑयल चुरा ले गए। शनिवार को सुबह लोग घरों से बाहर निकले तो उनको खंभे के नीचे ट्रांसफार्मर पडा मिला और उसमें से कीमती सामान चोरी था। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने चोरी को लेकर नाराजगी जताई ।

ईनामी दो आरोपी गिरफ्तार

हलैना, (निसं) । थाना हलैना क्षेत्र के गांव सरसैना में भूमि विवाद को लेकर 9 साल पहले हुए महिपाल हत्या काण्ड में फरार चल रहे दो ईनामी आरोपियों को जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह के द्वारा गठित टीम ने गिरफ्तार कर वैर की अदालत में पेश किया,जिन्हे अदालत से उक्त प्रकरण की पूछताछ तथा फरार चल रहे शेष आरोपियों की गिरफ्तारी वास्ते दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लाया गया,जिन्हे 6 जून को दुबारा अदालत में पेश किया जाऐगा।

थाना प्रभारी विजयसिंह छौंकर ने बताया कि हलैना थाना के गांव सरसैना में एक ही कुटुम्ब के दो पक्षों के मध्य भूमि विवाद को लेकर 23 जून 2013 में झगडा हो गया,जिस झगडे में महिपाल फौजदार पुत्र रेवती फौजदार की मौत हो गई,मृतक के परिजन प्रहलादसिंह ने 24 जून 2013 को उक्त प्रकरण को लेकर 15 जनों के खिलाफ हत्या का नामजद मामला इन्द्राज कराया। रिर्पोट दर्ज होते ही उसी दिन आरोपी नहारसिंह,दौजी एवं कप्तानसिंह को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया,जिसके बाद साल 2013 से 2016 तक आरोपी लखमीसिंह,जगदीशसिंह, परसराम व रामवीर को गिरफ्तार किया,शेष आरोपी विष्णुसिंह,रामवीरसिंह,धर्मवीरसिंह, शिक्षक दीवानसिंह,नन्दराम उर्फ नरेन्द्रसिंह,सुरेन्द्र सिंह घटना के दिन से फरार चल रहे थे। हलैना पुलिस ने 6 जुलाई 2021 को आरोपी विष्णुसिंह एवं रामवीरसिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उन्होने बताया कि महिपाल हत्याकाण्ड के फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह,एएसपी एडीएफ राजेन्द्र वर्मा,भुसावर पुलिस उपाधीक्षक निहालसिंह शेखावत ने टीम गठित की।

भूमि विवाद को लेकर 9 साल पहले हुए महिपाल हत्या काण्ड के दो आरोपी पकड़े।

पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

करौली (निंस.) राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय करौली में आयोजित किए जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र पर बालक बालिकाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की दृष्टि से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को पोस्टर,निबंध,नारा लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने मन के पर्यावरण के बारे में विचार व्यक्त किए।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की विश्व पर्यावरण दिवस पर बालक बालिकाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की दृष्टि से तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बालक बालिकाओं ने प्रथम दिवस में मूक पक्षियों के लिए परिंडे लगाएं एवं ग्रीष्मकालीन रितु जब कि पक्षियों के लिए चारों तरफ चुग्गा का अभाव हो जाता है को अपनी-अपनी छतों पर चुग्गा डालने के लिए प्रेरित किया ।

महिला को भामाशाहों ने सहायता राशि सौंपी

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। शहर के पीपरी बाडा निवासी एक गरीब वेवा महिला के गत तीन माह पूर्व आगजनी की घटना से नष्ट हुई सरसों की फसल को लेकर भामशाहों की ओर से एकत्रित की गई सहायता राशि का चैक शविार को महिला को सौंपा गया ।

नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष व पार्षद दिनेश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया है कि वेवा महिला गिलासी देवी सैनी पत्नी स्वर्गीय भमरी सैनी निवासी पिपरी बाड़ा की गत 12 मार्च को रात में अगजनी की घटना से दो बीघा की सरसो की फसल नष्ट हो गई । इस वेवा महिला की सहायता के लिए लोगों से सम्पर्क कर व सोशियल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाया ।

जिसके चलते एकत्रित की गई साहयाता राशि 63000 को भागामशाहों ने उसके घर पर पंहूचकर महिला को सौंपा । जानकारी के अनुसार करीब 6 माह पहले उसके पति की बीमारी के कारण मौत हो चुकी थी। इस दौरान राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय संयोजक चंद्र प्रकाश सैना, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद सैनी, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश सलाहकार एडवोकेट वेद प्रकाश सैनी , आरक्षण संघर्ष समिति के सह संयोजक पप्पू प्रधान, अलवर राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र सैनी, झानावाद राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष बनेसिंह कुशवाह, करौली सैनी समाज जिला अध्यक्ष मोहरसिंह सैनी, व्याख्याता महेश चंद सैनी, ठंडी राम सैनी, पुष्पेंद्र सैनी, पूरणमल सैनी सैनी, पदम सैनी, कृष्ण सैनी, कुलदीप सैनी, धारा सिंह सैनी आदि सैनी समाज के प्रमुख लोग मौजूद थे ।

हिण्डौन के पीपरी बाड़ा निवासी महिला गिलासी देवी को पार्षद दिनेश सैनी व अन्य पदाधिकरियों ने सहायता राशि सौंपी ।

सामाजिक उन्नति में आर्य समाज की भूमिका : स्वामी आर्यवेश

भरतपुर (निसं) । सार्वेदेशिक सभा के पूर्व प्रधान स्वामी आर्यवेश द्वारा समाज में आर्य समाज में भूमिका बतलाते हुए कहा कि गुरूकुल आर्य समाज की देन है जिसमें ब्रह्मचारी अध्ययन कर अपना मानसिक, शारीरिक उन्नति करते हुए समाज में अच्छा विचार देते हुए समाज की उन्नति में लग जाता है।

हैदराबाद आन्दोलन में आर्य समाज ने विशेष भूमिका निभाई। वेद प्रकाश श्रोतिय द्वारा उदाहरण देकर कुरीतियों पर अंध विश्वास पर प्रहार करते हुए वतलाया कि किस प्रकार आर्य समाज में समाज में भूमिका निभाई। बहिन अंजली आर्य, नरदेव आर्य द्वारा भजन के माध्यम से आर्य समाज की भूमिका बतलाई। आर्य कन्या गुरूकुल भुसावर के अधिष्ठाता हरीश चंद शास्त्री द्वारा आर्य समाज के इतिहास को दोहराया। कार्यक्रम में आचार्य अवनीश मैत्री द्वारा भी विचार रखे। स्वामी आर्यवेश द्वारा आर्यवीर दल व 80 के आर्य समाजियों को प्रशस्ति पत्र व पटका पहनाकर अभिनन्दन किया।

वर्ष 2021 से अटके है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के चयन

करौली (निंस.) । महिला एवं बाल विकास विभाग में जिले भर के महिलाओं के चयन प्रक्रिया पर 2021 से विराम लगा हुआ है।जबकि हिण्डौन उपखण्ड मुख्यालय पर चयन हो चुका है।

करौली जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव गांव मे आंगनबाडी केंद्र होता है जिसमें महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, साथिन जैसे तमाम पद होते हैं। उनको लेकर वर्ष 2021 से अब तक दो बार प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जिनमें लोगों के चयन प्रक्रिया के लिए आखरी प्रक्रिया भी हो चुकी है। लेकिन विभाग की मनमर्जी के चलते चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दे पाए। फिलहाल में भी चयन प्रक्रिया जारी है। जिसमें चयन किया गया है लेकिन अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि आखिरकार अंतिम समय में चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया जाएगा। क्योंकि इसमें नंबरिंग के अनुसार अधिकारियों के चहेते लोगों का चयन नहीं हो पा रहा है सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों के लोगों का चयन हो जाता तो प्रक्रिया अंतिम रूप में चली जाती। लेकिन इसमें सही लोगों का चयन होने के चलते अधिकारी चयन को अंतिम रूप नहीं दे पा रहे हैं। जिन लोगों के चयन प्रक्रिया में सबसे ज्यादा नंबर हैं उनका चयन हो चुका है। वह इस बात का इंतजार कर रही हैं कि आखिर जॉइनिंग कब दी जाएगी। लेकिन लचर सिस्टम के चलते देखा जा रहा है कि प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दिया जाएगा और चयन प्रक्रिया को अब तीसरी बार निरस्त करने की प्रक्रिया भी की जा सकती है। जबकि हिण्डौन में चयन हो चुके है। इस मामले में सायपुर निवासी सीमा चतुर्वेदी के नेतृत्व मे महिलाओ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है जिसमें उन्होंने साफ लिखा है कि मेरा अब तक तीन बार चयन हो चुका है। सीमा चतुर्वेदी के सायपुर से सबसे ज्यादा नंबर हैं। लेकिन अब तीसरी बार भी उनको जॉइनिंग नहीं मिल पाई है। जब महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी से बात की गई तो कहा कि जिला कलेक्टर की कमेटी निर्णय करेगी तो ही चयन हो पाएगा। हमारी ओर से पूरी प्रक्रिया कंप्लीट कर ली गई है लेकिन जिला कलेक्टर की कमेटी में मामला अटका पडा है।

खेलो इंडिया में हिमांशु चौधरी हिस्सा लेंगे

भरतपुर (निसं) । पंचकुला हरियाणा में 4 से 13 जून तक होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भरतपुर में जूडो खिलाडी हिमांशु चौधरी भाग लेंगे।

भरतपुर जिला जूड़ो संघ के सचिव व जूड़ो कोच औंकार पंचोली के अनुसार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जूडो खेल के लिए किला स्थित कराटियन्स स्कूल राजस्थान का जूडो खिलाड़ी हिमांशु चौधरी अपने 60 किलो भार वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगा।

सचिव औंकार पंचोली ने बताया कि 24 अप्रेल से 03 मई तक बैंगलोर में आयोजित हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी कराटियन्स स्कूल राजस्थान की जूडो खिलाडी रोहिणी बरौली चौथ का चयन हुआ था, जिसमें रोहिणी बरौली चौथ ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पांचवा स्थान प्राप्त किया था। अभी हिमांषु चौधरी चंडीगढ में जूडो कोच विवेक ठाकुर से प्रषिक्षण प्राप्त कर रहा है। समस्त जूडो खिलाडियों को आशा है कि हिमांशु चौधरी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बेहतर प्रदर्षन कर भरतपुर का नाम रोषन करेगा।

यात्रा टिकिट निरीक्षक ऋषि उपाध्याय जीएम अवार्ड से सम्मानित

गंगापुर सिटी । जबलपुर में 67वां पश्चिम मध्य रेलवे सप्ताह उत्सव समारोह आयोजित किया गया। इसमें वित्तीय वर्ष 2०21-22 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल अधिकारी-कर्मचारियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। गंगापुर सिटी मुख्य टिकट निरीक्षक कार्यालय में यात्रा टिकिट निरीक्षक ऋषि उपाध्याय को ट्रेनों में टिकट चैकिंग के दौरान क्षमता से अधिक रेलवे को राजस्व देने एवं 2०21-22 के दौरान उत्कृष्ट सेवा के लिए महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा नकद पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। ऋषि उपाध्याय द्वारा साल के 243 कार्यदिवस में बेटिकट, चैकिंग से करीब 52 लाख 97 हजार 522 रुपए का राजस्व रेलवे को दिया। इसमें एक माह में ही करीब 15 लाख रुपए उपाध्याय के द्वारा चैकिंग के जरिए रेलवे को राजस्व के रूप में दिया गया। ऋषि उपाध्याय का जबलपुर से लौटने के दौरान शनिवार को उनका रेल कर्मचारियों व उनके रिश्तेदारों के द्वारा बैडबाजों के साथ माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान टीटीई चेतराम मीणा, रेलवे यूनियन के नेता हरीप्रसाद मीणा, महेन्द्र दीक्षित, सुरेन्द्र विजयवर्गीय, सतीश धामोनिया, रवि मंगल, योगेश अग्रवाल वीवो, सौरभ बर्डिया, दिनेश सिंहल सहित सैंकडों रेलकर्मचारियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। वहीं गंगापुर सिटी रनिंग रूम के अच्छे रखरखाव की शील्ड गंगापुर सिटी लॉबी को मिली। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय जबलपुर मे 3 जून को आयोजित 67 वें रेल सप्ताह के दौरान महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता द्वारा जबलपुर में आयोजित भव्य समारोह में कोटा डिवीजन के गंगापुर सिटी रनिंग रूम को बेहतर मेंटेन रनिंग रूम का अवार्ड मिला। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता ए के पाठक एवं मुख्य लोको निरीक्षक एमके पाठक ने जबलपुर जोन के महाप्रबंधक से यह अवार्ड एफिशिएंसी शील्ड के रूप में ग्रहण किया।

रेलवे कर्मचारी व मित्रगणों ने जीएम अवार्ड से सम्मानित यात्रा टिकिट निरीक्षक ऋषि उपाध्याय का अभिनंदन किया।

भाकियू का राष्ट्रीय अधिवेशन 10 जून से हरिद्वार में

भरतपुर (निसं) । भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष किसान नेता राजपाल सिंह पूनियां ने प्रैसनोट में बताया कि 10, 11, 12 जून को तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से किसान यूनियन कार्यकर्ता शामिल होगें।

राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्तर की किसानों की समस्याओं एवं विभिन्न प्रदेशों की किसानों की समस्याओं पर मंथन कर आंदोलन की रणनीति तय करेगें। राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद बहुत बडी किसान महापंचायत भरतपुर में होगी जिसमें तमाम प्रदेशों के किसान नेता शामिल होगें। किसान महापंचायत में जिले, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के मुद्दे शामिल होगें। भरतपुर में किसान महापंचायत की तारीख राष्ट्रीय अधिवेशन में तय होगी। किसान नेता एवं प्रदेश अध्यक्ष राजपाल सिंह पूनियां ने प्रदेश एवं भरतपुर जिले के किसान यूनियन कार्यकर्ताओं को हरिद्वार राष्ट्रीय अधिवेशन में पहुंचने के निर्देश दिये।